# Shri Ekadasha Rudra Puja

| | | |
|---|---|---|
| Date | : | 8th June 1988 |
| Place | : | Vienna |
| Type | : | Puja |
| Speech Language | : | English |

CONTENTS


I Transcript

| | |
|---|---|
| English | 02 - 06 |
| Hindi | - |
| Marathi | - |

II Translation

| | |
|---|---|
| English | - |
| Hindi | 07 - 15 |
| Marathi | - |

# ORIGINAL TRANSCRIPT

# ENGLISH TALK

Today is the very important day in the history of spirituality. The Ekadesha Rudra Incarnation has been prophesized by every prophet: that the Ekadesha Avatara will be coming and It will destroy all the negativity, all the anti-God activities. Ekadesha principle actually is built in Void because, when the saints wanted to cross the Ocean of Illusion through their meditation, they're hindered, troubled, tortured and slaughtered by negative forces. These negative forces came up through the failings of human beings. When human beings failed, they saw other people who were so much better than them, and they saw that they are nowhere compared to many other human beings; or sometimes out of anger and temper the villainous temperament grew into them and then it formed this anti-God negativity in the Void. So Void has given actually the villainy to come into form.

As you see in Sahaja Yoga - we must have seen it many a times - that when you go to a wrong guru or to a wrong person or you do unauthorized worshipping, your left Void catches. So in the left Void all those destructive forces acted. Also, in the process of evolution there were many plants, animals who were destroyed because they were not in the center, because they were egoistical, some were cunning, some were too big, some were too small. And they were all thrown out. And when they were thrown out they felt that they must react. So they went into the collective subconscious and came as subtler entities to harm the people who were ascending. Like we see these days viruses that attack us. These are the plants which have gone out of circulation. After some time you will find tobacco will go out of circulation, many drugs will go out of circulation. All these can form a kind of a anti-growth, anti-development, anti-freedom forces within ourselves.

So in the area of Void these horrible negative forces were formed. In the same way, many human beings who were born and tried to assert their ego went into egoistical processes and thought that they can control people, they can have their domain over all the human beings, they can overpower the whole world. All such people form a very powerful institutions in the history. And today also there are many such forces coming into existence. These forces are building and destroying every moment; they are building into our Void area and then they are destroyed. These people when they come from the right side, from the right Void, we call them as supraconscious; and those who come from the left side, we call them as the subconscious entities. All these entities do exist, as human beings are the image of God, as in the collective subconscious of God Almighty and also in the supraconscious of God Almighty. These forces still remain till they go to hell. In the same way in us also, in human beings also, these forces exist and they try to overpower us.

It's very remarkable that we had this Puja in Austria, because in the geography of this world Europe is the Void, and in that, Austria is the one where we should have anti-negative forces built up to fight the negative forces. It's such a right place to have this Puja, and I'm really thankful to all the Sahaja Yogis who have chosen this place for Ekadesha Rudra Puja.

In the modern times as we see today, these forces are acting in very subtler manner, in a manner that human beings cannot understand. And they are driven into it. If you see the way we are drifting from reality, the way we are getting tempted by superficial, nonsensical things, the way we have horrible diseases waiting at our doorsteps, we realize that we are standing on the verge of falling into a mire, from where we may never rise, we may never come up.

So we have to understand what is within us which can destroy forever these anti-development, anti-evolutionary, anti-constructive temperament of the nature. In the nature, if you see, everything circulates in a very regular manner. For example in the wintertime the leaves have to fall down, because the nitrogen of the leaves has to go into the Mother Earth to nourish the trees. Moreover the

Mother Earth must get sun's rays. So there should be no leaves, and the sun's rays can penetrate into the Mother Earth and nourish Her. Then the trees, when they are nourished, they again become green and lush so that they receive the sun's light and make chlorophyll out of them. Also they suck in the water from the Mother Earth and throw them in the atmosphere to act as catalyst for the rain to come. Then the rain comes during the rainy season, then again nourished with water the life again, they loose all their leaves and the whole circle goes on in a beautiful manner.

There is no reversion, it is just a continuous circle going in a very beautiful manner to create and recreate. But with the interference of man, nature gets disturbed. Also you can enhance the nature; you can save the nature's destruction which could be natural also. But when you get your Realization - when you get your Realization, then with your vibrations you can save all natural things that are decaying under the modern influence. So first of all we see the effect of Realization, how it acts as Ekadesha Rudra. It destroys the negative forces which are trying to destroy the nature. One day I'm sure you all will evolve to such a state that even your glance is sufficient to make the trees grow, to make the fruit sweet, to make the flowers fragrant. That's possible because our growth is showing results. Slowly, slowly it's showing results, because you should not be stunned, you should not be shocked so that you can see for yourself what you are and what you're achieving.

But to allow this force within us to grow, first of all we should be very introspective; we should try to see ourselves. What is happening to us? We must watch our steps. Are we moving towards our construction or towards our destruction? What are we doing? This Ekadesha Rudra force which is within us is so powerful, is so very powerful, that not only in nature but also in human beings it acts. It acts in a way that you are shocked and surprised.

There is a gentleman whom I had given Realization, very dedicated, but he is not in a place where he can come to Sahaja Yoga. And some people tried to trouble him very much. And he told Me, “They all met with an accident and all of them are now lying in the hospital.”

So I said, "I didn't do anything. By their own doings they have crossed the limits." And if you cross the limits of goodness naturally you go something what we call as evil. And if you fall into the ditches of evil, you have to suffer. But also that's on Sahaja Yogis.

I have known of a Sahaja Yogi who tried to be little funny about money. I didn't think that he should be punished. I never thought of such a thing, that he should be punished, really. But they acted, his own forces acted against him. And he got so sick, so very sick that in My presence he used to just shake like a dried leaf. I never even told him that "I know what you are doing."

In Sahaja Yoga when you enter you have to know that slowly and steadily you are climbing up a very steep road. Because it has to be very quick, so the rise is very steep. And when you are climbing up that rise you have to know if you don't go further you'll slip down. But if you move sideways you will fall down. You may say that, "Mother, we are moving sideways, so there is a movement", because you're falling down also one may feel the movement. That is the movement of destruction. So you must have proper discretion about yourself. Are we ascending or descending? Are we loosing our steps? Are we going higher in our steps? Which sometimes we do not realize that we are amidst the worst possible negativity in the history of this universe. In the olden times there would be only one rakshasa at one time one had to deal with. It was so easy to deal with one rakshasa. But to deal with so many of them already needs lot of work.

But the worst part about it is that in the modern times these rakshasas have entered into the brains of people. Because of their teachings, because of their delusions, people have accepted them - and these people are My children. They are seekers. They are seekers of Truth. It's like people using children for a ransom. They put the children before Me and I don't know what to do. If I try to kill the devils, then the children are in front.

So which is the best way to destroy in modern times? Of course they can be killed, they can die, but how am I to save the people whom they have polluted, whom they have wronged? It's a very, very

difficult and very delicate work. For that there's only way is to bring them to a point to where they get completely exposed. They are debased, and the whole world knows who are they, how they look like. So instead of fighting them from outside or just asking Yama to go and kill them, is best is to make their own being caught into the web of Ekadesha Rudra so that they are exposed to people by their misdeed. That is the advantage, I should say a part of the ugly game of falsehood. Falsehood always gets exposed. You can see writ large on their faces their hypocrisy, their evil intentions and their satanic schemes.

As I said that modern times are the worst for these attacks. We have to be more alert, more aware, more understanding. As Sahaja Yogis you all are very well equipped. But we all the time forget that we have got our vibrations, that we have got a new awareness of vibrations, we have got vibratory awareness. And these vibratory awareness are a kind of a messenger which is absolute, which communicates and which tells us what's wrong with others, what's wrong with us. But if you start taking your decision through your mental, emotional enterprises then be sure that you'll be misguided, because all these endeavors are one-sided. Like a mental projection goes like this in a linear way, falls upon you. And also a emotional one does the same, even the physical is just the same. But when you start seeing through the vibrations what do you do is to ask your Spirit to communicate to you, and the Spirit is the absolute knowledge. So you do not succumb to your conditioning or to your ego or to any other training or any other guru, but your Self. So it is very important for all of you to understand that we are not going to take any decision on our mental level, but on our vibrations.

Many people think that if I say something about someone may be because they have reported it to Me. But supposing if I am the Source of all their vibrations, what is there for Me to get reported? Why should anybody report to Me? If they want to report they may, but I know what exactly is the situation.

Once in Rahuri I was waiting in the guest house and about five, six professors came on their bikes. They came and told Me, "Mother, we have come to warn You about a particular gentleman."

I said, "Who is this gentleman?"

They gave the name of this gentleman. Said, "You have to be very careful; he's a politician."

I said, "All right, that's all you know about him?"

They said, "Yes, so You have to be very careful."

I said, "Now I'll tell you about him, that this man has not married his wife. She is the wife of somebody else and he has eloped with this woman. And the child is his, but this lady was raped by him, that's how he's got the child."

When I started telling you know they all started raising their eyebrows and opening their eyes. Said, "Mother how do You know?"

I said, "You go and find out whatever I am saying is it true or not."

They were completely stunned, went back and then reported to Me that, "Mother, it's surprising, what You said was the truth."

So on vibrations you can know everything, but those who try to decide things without vibrations can make mistakes, till you reach a certain state where you don't have to spread your hands to ask, just you'll know. But to go to that stage you have to first of all surrender your discretion to vibrations. Now some people don't have proper vibrations. Maybe their Vishuddhis are bad. They should take proper care of their Vishuddhis. Even then if they don't have some physical problem on the Vishuddhi, they can feel it within themselves what chakras are catching, what is happening to this gentleman.

Normally, because we are in modern times, the people who are possessed appear more beautiful than the people who are not possessed. Once we had a lady who came to us in our program, she was completely possessed, thin like a beanstalk, absolutely, and everybody - that was the beginning of Sahaja Yoga - felt that “What a beautiful woman has come!” When I told them, “Keep her out of the

hall for the time being", they couldn't understand. Then she got cured and she looks very different now, to Me she's very beautiful. The beauty that was seen at that time must be the camouflage of the negativity that people saw. Like as you see these cinema actresses, cinema actors, and some of the clowns who move as presidents, this, that. You can see it large on their faces, how horrid they are. But unless and until you, yourself are of that level and sincere, you won't be able to make it out.

Today what we are doing is to awaken within us this Ekadesha Rudra force which will help you to fight your own negativity and fight the negativity of the whole world. Now we have so many hands, so many people with different, what we call them ayudha, means the weapons. All these weapons are with you, they are within you and you can definitely use them; but first you must know what weapons you are carrying and how to use them.

There's so much blind faith, there is so much of wrong ideas, so much of organizational fortresses they have built. All kinds of nonsensical things are going on in this world, but they'll all be finished. Nobody will know anything about them except that they might know as some villainous creatures on this earth. Ultimately the living will exist.

We have to know that we know the living force, and we have to be very sure about it, and we have to be proud about it that we know what is the living force. Then this Ekadesha Rudra within us becomes very strong. Anybody who tries to trouble you will have a nice punch. Any organization which tries to subdue Sahaja Yoga or in any way harm it will have a nice time. Like you know I went for Merve Griffin show and he misbehaved. Next week that show was closed down. No more. In India there was a newspaper which tried to make a funny article out of Me. The newspaper was closed down for months together. Just it happens. I don't say anything of the kind, but the way things happen is very surprising how this Ekadesha is now active.

Also the most significant thing is that this Ekadesha is going to act only in Kali Yuga, in these modern times. Earlier it was not going to act because there was hardly one guru, who is today a guru must have been a satan last time. Only one horrible rakshasa there. So it was very easy to kill him. To kill Kamsa it took no time for Shri Krishna, or to kill Ravanna it took no time for Shri Ram. And once they have killed the whole thing becomes clean start, but here they are like mosquitoes. So many of them! One after another. There's no end to it. And they have entered also into the being of human beings giving them diseases, all kinds of problems and tortures. So the problem is much more, deeper and very, very complicated. That is why Ekadesha Rudra, which has got eleven destroying powers, we say that there are ten directions you can say, and this is the eleventh. So ten from outside, one from inside.

All these eleven forces can act on to anyone who tries to hamper the progress of Sahaja Yoga, or even to say something against Me or against you people. Anybody who tries to trouble you, It will act. On the physical level it appears on your forehead here. The Ekadesha Rudra shows on your forehead, and you get a swelling over here. Some people you must have seen have a furrow here and a huge big thing coming out.

Mostly the cancer patient, if you see them, they have from left it rises to the right side quite a lot, bump there, on the right hand side. And there are some who have got on the left hand side. So from the left hand side it rises, goes to the right side; and the one which rises from the right side goes to the left side. So the more dangerous ones are which go to the right side, because they are the ones who are very sly, which we cannot see, which are hiding, which can harm you very much. So all these horrible things that are acting today can be completely destroyed if we develop our Ekadesha Rudra within ourselves. They are not so powerful. One Sahaja Yogi can kill thousands of them, while they cannot harm even one Sahaja Yogi. So they are really powerless before you. They have no way of torturing you. In case you are a powerful person, they will all disappear and disappear forever.

I remember once there were three Sahaja Yogis in India who used to go by a particular road in the village. So one lady got possessed. And she started doing "ho, ho, ho," like that.

So they said, "Why are you here?"

She said, "We are here in this lady to tell you that please tell these three Sahaja Yogis not to go by that road, because now we have run away from all the villages and we are just residing in that area. And if the Sahaja Yogis go through that also the whole night we'll be jumping around. So better ask these three Sahaja Yogis not to come that way so that at least we'll have some place to reside."

These are, as I told you, gone out of the circulation of evolution. So these are dead, dead people. And these dead people can in their subtle bodies enter into us and form entities, and those entities can grab us and can possess us. Such possessed people look quite normal. As I was saying today homosexuality, over sexuality, no sexuality; then we can say no aesthetics, or too much of artistic tendencies; then we can say too much of eating and hunger or eating nothing at all, fasting; then not afraid of anyone, "what's wrong?”, for everything "what's wrong?" Not afraid of God or afraid of even an ant. Then there are people who feel guilty all the time or those who make others feel guilty as if the other person is good for nothing. They, too. Plus we have another kind who are very, very cruel, that they can entrap people, can make their own slaves, can work out anything horrible, wars, by their own talking. And there are others who subjugate themselves to these evil people, and accept their dominance and try to destroy other people in the glory of these dominating personalities.

Then comes the area of Sahaja Yoga where nobody can enter it, you are perfectly happy there. Ekadeshas are standing round you on your forehead to look after that area. They're watching; they're guards and nobody can harm you. You are very nicely settled down there in the Sahasrara and nothing can touch you, nothing can even bring a slur on you. They are very alert and they have many facets. Each deity has many facets and these facets are all the time throwing light in that area so that there is no intruder to enter in. This is what you have got within yourself, and when anybody tries to enter into this area of Sahasrara, immediately they react and can harm the other man to such an extent that you are yourself amazed and you don't know how it has happened. But to develop this force we have to meditate with sincerity, with understanding, not just words before the photograph to say, "Mother, I surrender myself to You", this. Sincerely. Because the Deities know who is sincere, who is innate, who is the one who is really trying to rise and ascend. It is a struggle in a way. It is a struggle, but it is not the struggle which will not bring you any fruits. Otherwise all other struggles give you no fruits, but this struggle is so simple and so already explained and worked out that you don't have to worry too much.

So today we have to invite all these forces of Ekadesha Rudra to destroy the negativity in this Kali Yuga completely, also to pray that if there is any negativity within us it should be destroyed. If there is any negativity against Sahaja Yoga it should be destroyed. Anywhere in our character and in our understanding, if there is any negativity it should be destroyed. This is today's message for you on Ekadesha Rudra.

May God bless you.

# HINDI TRANSLATION

## (English Talk)

Scanned from Hindi Chaitanya Lahari



आध्यात्मिकता के इतिहास में आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है। सभी पैगम्बरों ने एकादश रुद्र अवतरण की भविष्यवाणी की। उन्होंने कहा कि एकादश अवतार आएंगे और सारी आसुरी शक्तियों तथा सारी परमात्मा विरोधी गतिविधियों को नष्ट करेंगे। वास्तव में एकादश तत्व की रचना भवसागर में होती है क्योंकि जब अंतरिक्ष अपनी ध्यान धारणा के माध्यम से भ्रम सागर को पार करने के लिए तैयार होते हैं तो आसुरी शक्तियाँ उन्हें सताती हैं, कष्ट देती हैं, उनके मार्ग में बाधा डालती हैं तथा उनका वध करती हैं। ये नकारात्मक शक्तियां मानवीय असफलताओं के कारण पनपीं। मनुष्य जब असफल हुआ तो उसकी दृष्टि अपने से बेहतर लोगों पर पड़ी और उसे लगा कि वह तो उन मनुष्यों के मुकाबले कहीं भी नहीं है। कई बार क्रोध एव ईर्ष्या के कारण उसमें दुष्ट स्वभाव जाग उठा जिसने भवसागर में परमात्मा विरोधी नकारात्मकता की सृष्टि की। इस प्रकार भवसागर में दुष्टता को आकार प्रदान किया गया। जैसा आप सहजयोग में देखते हैं, बहुत बार हमने ऐसा देखा होगा, जब आप किसी गलत गुरु या गलत व्यक्ति के पास जाते हैं या कोई अनाधिकार पूजा करते है तो आपका बायां भवसागर पकडता है। बाएं भवसागर में ये सारी विध्वंसक शक्तियां कार्य करती हैं। विकास प्रक्रिया में भी बहुत से पौधे, पशु आदि मध्य में न होने के कारण नष्ट हो गए, क्योंकि वे अत्यन्त अहंकारी और चालाक थे। कुछ बहुत बड़े थे, कुछ बहुत छोटे थे। उन सबको बाहर फेंक दिया गया और बाहर फेंक दिए जाने पर उन्हें लगा कि उन्हें अवश्य प्रतिकार करना चाहिए। ये सभी सामूहिक अवचेतना में चले गए और कलात्मक लोगों को हानि पहुँचाने के लिए सूक्ष्म रूप धारण करके आ गए जैसे आजकल विषाणु (Viruses) हम पर आक्रमण करते हैं। ये वो पौधे (तत्व) हैं जो संचरण से बाहर चले गए थे। कुछ समय पश्चात् हम देखेंगे कि तम्बाकू का परिसंचरण समाप्त हो जाएगा, बहुत से नशीले पदार्थों का परिसंचरण भी समाप्त हो जाएगा। ये सभी तत्व हमारे अन्दर एक प्रकार के क्रोध, विकास विरोधी एवं

स्वतन्त्रता विरोधी शक्तियों का रूप धारण कर सकते हैं।

अतः भवसागर क्षेत्र में इन सभी भयानक नकारात्मक शक्तियों का उद्भव हुआ। इसी प्रकार बहुत से मनुष्य जिन्होंने जन्म लिया और इसी प्रकार जन्म लेकर जिन मनुष्यों ने अपने अहंकार का बल दिखाने का प्रयत्न किया, जो अहंकार प्रणालियों में चले गए और सोचा कि वे अन्य लोगों को नियंत्रित कर सकते है तथा सभी मनुष्यों पर शासन कर सकते है, पूरे विश्व पर नियंत्रण स्थापित कर सकते है, ऐसे सभी लोग इतिहास में शक्तिशाली संस्थाएं बन गए। आज भी ऐसी बहुत सी शक्तियाँ पनप रही हैं। हर क्षण ये शक्तियाँ बन रही हैं और नष्ट हो रही हैं। हमारे भव सागर में ये बनती हैं और फिर नष्ट हो जाती हैं। ये लोग यदि दाईं ओर से (दाएं भवसागर से) पनपते हैं तो हम उन्हें परा चेतन (Supra Conscious) कहते हैं और जो बाईं ओर से आते हैं उन्हें अवचेतन तत्व कहते हैं। ये सभी तत्व जीवित रहते हैं क्योंकि मानव को परमात्मा के रूप में बनाया गया है। ये तत्व सर्वशक्तिमान परमात्मा के सामूहिक अवचेतन में तथा उनके पराचेतन में रहते हैं। ये शक्तियाँ तब तक रहती हैं जब तक ये नर्क में नहीं चली जातीं। इसी प्रकार मानव में भी ये शक्तियाँ विद्यमान रहती हैं और हम पर काबू पाने का प्रयत्न करती रहती हैं।

ये बहुत अच्छी बात है कि ये पूजा हम आस्ट्रिया में कर रहे हैं क्योंकि विश्व के भूगोल में यूरोप भवसागर है और आस्ट्रिया वह स्थान है जहाँ आसुरी शक्तियों का मुकाबला करने के लिए हमें नकारात्मकता विरोधी शक्तियाँ प्राप्त होनी चाहिएं। इस पूजा के लिए यह स्थान अत्यन्त उपयुक्त है। मैं उन सब सहजयोगियों की धन्यवादी हूँ जिन्होंने एकादश रुद्र पूजा के लिए यह स्थान चुना। आधुनिक काल में, जैसा हम देखते हैं, ये सारी शक्तियाँ अत्यन्त सूक्ष्म रूप से कार्य कर रही हैं, ऐसे तरीके से जिसे मानव समझ नहीं सकते और इसमें फंसे रहते हैं। आप यदि देखें कि जिस प्रकार हमें व्यर्थ की चीज़ें लुभाती हैं या आकर्षित करती हैं, जिस प्रकार भयानक रोग हर कदम पर हमारी प्रतीक्षा कर रहे हैं, हमें लगता है कि हम उस दल दल के किनारे पर खड़े हैं जिसमें फँसने के बाद सम्भवतः हम कभी न निकल सकें, उससे कभी छुटकारा न पा सकें। अतः हमें समझना चाहिए कि हमारे अन्दर ऐसा क्या है जो प्रकृति के विकास विरोधी, उत्क्रान्ति विरोधी और सृजनात्मकता विरोधी स्वभाव को सदा के लिए नष्ट कर सके। प्रकृति में यदि आप देखें तो हर चीज़ नियमित रूप से प्रसारित होती है। उदाहरण के रूप में सर्दियों में पत्तों को झड़ना होता है क्योंकि पेड़–पौधों का पोषण करने के लिए उन पत्तों की नाइट्रोजन को पृथ्वी माँ में जाना होता है। इतना ही नहीं पृथ्वी माँ को सूर्य की किरणें भी मिलनी आवश्यक हैं, इसलिए पतझड़ होना आवश्यक है ताकि किरणें पृथ्वी माँ में प्रवेश करके इसका पोषण कर सकें। पोषण प्राप्त करके पेड़ पुनः हरे–भरे हो उठते हैं ताकि सूर्य का प्रकाश प्राप्त करके वे क्लोरोफिल (Chlorophyll) बना सकें। पृथ्वी माँ से जल चूसकर वे इसे वातावरण में वाष्पित करते हैं और वर्षा के

लिए उत्प्रेरक (Catalyst) का कार्य करते हैं। वर्षा ऋतु में वर्षा होती है, जल का पोषण प्राप्त करके पुनः पेड़ों के सारे पत्ते झड़ जाते हैं और इस प्रकार अत्यन्त सुन्दरता पूर्वक ये सारा चक्र चलता रहता है। इसमें कोई विपर्यय (Reversion) नहीं है, यह तो एक निरन्तर चक्र है जो सृजन और पुनः सृजन करने के लिए सुन्दर ढंग से चलता रहता है। परन्तु मानव के हस्तक्षेप से प्रकृति गड़बड़ा जाती है। प्रकृति को हम समृद्ध भी कर सकते हैं। आप प्राकृतिक तरीकों से प्रकृति को विनाश से बचा सकते हैं। परन्तु जब आपको आत्मसाक्षात्कार प्राप्त हो जाता है तो अपनी चैतन्य लहरियों से आप उन सभी प्रकृतिक चीज़ों की रक्षा कर सकते हैं जो आधुनिकता के दुष्प्रभाव के कारण सड़ रही हैं।

अतः सर्वप्रथम हम आत्मसाक्षात्कार का प्रभाव देखते हैं कि किस प्रकार यह एकादश रुद्र के रूप में कार्य करता है। इस रूप में ये उन सारी आसुरी शक्तियों को नष्ट कर देता है जो प्रकृति को नष्ट करने में लगी हुई हैं। मुझे विश्वास है कि एक दिन आप सब ऐसी अवस्था तक उन्नत हो जाएंगे कि आपका एक कटाक्ष पेड़ों को हराभरा करने, फलों में मिठास भरने तथा फूलों को सुगन्धित करने के लिए काफी होगा। ऐसा होना सम्भव है क्योंकि हमारी उत्क्रान्ति के परिणाम निकल रहे हैं। शनैः शनैः यह परिणाम दर्शा रही है ताकि आप बौखला न जाएं, आपको आघात न पहुँचे, ताकि आप स्वयं देख सकें कि आप क्या हैं और क्या प्राप्त कर रहे हैं।

इस शक्ति को अपने अन्दर उन्नत होने देने के लिए सर्वप्रथम हमें अत्यन्त अन्तर्दर्शी होना चाहिए। ये देखने का प्रयत्न करना चाहिए कि हमारे साथ क्या घटित हो रहा है। अपनी गतिविधियों को देखना चाहिए। क्या हम उत्क्रान्ति की ओर बढ़ रहे हैं या विनाश की ओर? हम क्या कर रहे हैं? हमारे अन्तःस्थित एकादश रुद्र शक्ति इतनी शक्तिशाली है, इतनी शक्तिशाली है कि यह न केवल प्रकृति में बल्कि मानव में भी कार्य करती है। इस प्रकार से ये कार्य करती है कि आप स्तब्ध रह जाते हैं, आश्चर्य चकित हो जाते हैं। जिस सज्जन को मैंने आत्मसाक्षात्कार दिया है वह अत्यन्त समर्पित हैं परन्तु वह उस अवस्था में नहीं है जहाँ वह सहजयोग में आ सके। कुछ लोगों ने उसे बहुत कष्ट देने का प्रयत्न किया और उसने मुझे बताया कि वे सब दुर्घटना के शिकार हो गए और अस्पताल में पड़े हैं। मैंने कहा मैंने तो कुछ नहीं किया, अपने ही कारनामों से उन्होंने सारी सीमाएं लाँघीं और जब व्यक्ति अच्छाई की सीमाएं लाँघता है तो स्वाभाविक रूप से वह एक ऐसी अवस्था में पहुँच जाता है जिसे हम आसुरी अवस्था कहते हैं। इस स्थिति के खड्ड में यदि आप पड़ जाते हैं तो आपको कष्ट उठाना पड़ता है। इसका प्रभाव सहजयोगियों पर भी पड़ता है। मैं एक ऐसे सहजयोगी को भी जानती हूँ जिसने पैसों के मामले में गड़बड़ करने का प्रयत्न किया। मैंने नहीं सोचा था कि उसे दण्ड मिलना चाहिए। मैंने ऐसा कभी नहीं सोचा था कि उसे दण्ड मिले। परन्तु उन शक्तियों ने कार्य किया। उसकी अपनी शक्तियों ने उसके विरुद्ध कार्य किया और वह इतना

बीमार हुआ, इतना अधिक बीमार हुआ कि मेरे सम्मुख वह सूखे पत्ते की तरह से कांपता था। मैंने उसे कभी नहीं बताया कि मैं उसके कारनामे जानती हूँ।

सहजयोग में, जब आप आते हैं तो, आपको जान लेना चाहिए कि शनैः शनैः परन्तु निरन्तर, आप एक सीधी खड़ी पगडंडी पर चढ़ रहे हैं। यह सब क्योंकि बहुत शीघ्रता से करना होता है इसलिए चढ़ाई बहुत खड़ी है और उस चढ़ाई को चढ़ते हुए आपको ध्यान रखना होगा कि यदि आप ऊपर को नहीं बढ़ते तो नीचे को फिसल जाएंगे और यदि किनारों की ओर जाएंगे तो आप खड्ड में गिर जाएंगे। आप कह सकते हैं कि श्री माताजी हम इधर उधर बढ़ रहे हैं। इसलिए आड़ोलन है। पतन के कारण भी व्यक्ति इस आड़ोलन (Movement) को महसूस कर सकता है। यह विनाश का आड़ोलन है। अतः आपको अपने विषय में आवश्यक विवेक होना चाहिए। हम उत्थान की ओर जा रहे हैं या पतन की ओर? क्या हम पथभ्रष्ट हो रहे हैं या हमारे कदम ऊँचाई की ओर बढ़ रहे है? कभी–कभी हमें महसूस नहीं होता कि ब्रह्माण्ड के इतिहास में हम विश्व की भयानकतम नकारात्मकता के बीच में हैं। प्राचीन काल में एक समय पर कोई एक राक्षस होता था, जिसे सम्भालना होता था। एक राक्षस को नियंत्रित करना आसान कार्य था। परन्तु इतने अधिक राक्षसों को सम्भालने के लिए बहुत अधिक कार्य की आवश्यकता है। सबसे बुरी बात तो ये है कि आधुनिक समय में ये राक्षस लोगों के मस्तिष्क में प्रवेश कर गए हैं। उनकी शिक्षाओं और उनके द्वारा बनाए गए भ्रमों के कारण लोगों ने उन्हें स्वीकार कर लिया है। इन्हें स्वीकार करने वाले सभी लोग मेरे बच्चे हैं, ये जिज्ञासु हैं, सत्य साधक हैं। ये ऐसा हुआ मानों धन ऐंठने के लिए बच्चों को उठा लिया जाए। ये लोग बच्चों को मेरे सामने कर देते हैं और मेरी समझ में नहीं आता कि मैं क्या करूं? मैं राक्षसों को मारने का प्रयत्न करती हूँ परन्तु मेरे बच्चे सामने आकर खड़े हो जाते हैं। तो आधुनिक काल में इन्हें नष्ट करने का कौन सा सर्वोत्तम उपाय है? निःसन्देह, उनका वध किया जा सकता है, वे मर सकते हैं। परन्तु जिन लोगों को उन्होंने भ्रमित किया है, जिन्हें हानि पहुँचाई है उनकी रक्षा मैं किस प्रकार करूं? यह अत्यन्त कठिन और नाजुक कार्य है। एक मात्र ये है कि इन राक्षसों को एक ऐसी अवस्था तक ले आया जाए जहाँ इनका पर्दाफाश हो जाए, ये अनावृत हो जाएं और पूरा विश्व इन्हें पहचान जाए कि ये कैसे लगते हैं। इसलिए बाहर से इनसे लड़ने या यम से इनका वध करने के लिए कहने की अपेक्षा इन्हें एकादश रुद्र के शिकंजे में फँसा देना उत्तम है ताकि अपने दुष्कर्मों के कारण लोगों के सम्मुख ये नग्न हो जाएं। झूठ के इस घिनौने खेल का यह एक लाभ है। असत्य सदैव अनावृत हो जाता है। उनके मुख पर आप सदैव उनके पाखण्ड, दुराशय और शैतानी योजनाएं स्पष्ट लिखे देख सकते हैं।

आधुनिक समय में ये आक्रमण पराकाष्ठा पर हैं। हमें अधिक चुस्त, अधिक सावधान और अधिक सूझ–बूझ वाला होना होगा। आप सब इसके लिए अच्छी तरह से

तैयार हैं। परन्तु सदैव हम ये भूल जाते हैं, कि हमारे अन्दर चैतन्य लहरियाँ है कि चैतन्य लहरियों की नई चेतना हमें प्राप्त हो चुकी है तथा हमारे अन्दर चैतन्य चेतना है। चैतन्य चेतना एक प्रकार का दूत है जो कि पूर्ण है, जो सूचित करती है और हमें बताती है कि हमारे अन्दर क्या कमी है तथा अन्य लोगों में क्या दोष है? परन्तु यदि आप मानसिक या भावनात्मक उद्यमों से अपने निर्णय लेने आरम्भ कर दें तो निश्चित रूप से आप भ्रम में फँस जाएंगे क्योंकि ये सारे प्रश्न एक तरफे होते हैं। जैसे कोई भी मानसिक प्रक्षेपण, रेखीय दिशा (Linear Way) में चलता है और फिर आप ही पर उसका प्रभाव होता है। भावनात्मक प्रक्षेपण का भी ऐसा ही परिणाम होता है और शारीरिक प्रक्षेपण का भी। परन्तु जब आप चैतन्य लहरियों के माध्यम से देखने लगते हैं तो आप अपनी आत्मा से कहते हैं कि वह आपको सूचित करे और आत्मा 'पूर्णज्ञान' (Absolute Knowledge) है। तब आप न तो अपने अहम् के सम्मुख, न अपने बन्धनों के सम्मुख, न किसी संस्कार के सम्मुख और न ही किसी गुरु के सम्मुख घुटने टेकते हैं। आप केवल स्वयं पर निर्भर करते हैं। अतः आप सबके लिए ये समझना आवश्यक है कि हम मानसिक स्तर पर निर्णय न लेकर चैतन्य लहरियों के माध्यम से निर्णय लेंगे। बहुत से लोग सोचते हैं कि जब मैं किसी व्यक्ति के विषय में कुछ कहती हूँ तो संभवतः किसी अन्य ने मुझे सूचना दी होगी। परन्तु कल्पना कीजिए कि मैं यदि चैतन्य लहरियों का स्रोत हूँ तो मुझे सूचना देने के लिए क्या रह जाता है? कोई भी व्यक्ति आकर मुझे क्यों सूचना दे? लोग यदि सूचना देना चाहें तो बेशक दें परन्तु मैं तो जानती हूँ कि वास्तव में परिस्थिति क्या है।

एक बार राहुरी के एक अतिथि गृह में मैं प्रतीक्षा कर रही थी। वहाँ पाँच–छः प्राध्यापक अपनी साइकिलों पर आए। उन्होंने आकर मुझे बताया कि श्री माताजी हम आपको एक व्यक्ति विशेष के विषय में चेतावनी देने आए हैं। मैंने कहा, यह सज्जन कौन है? उन्होंने उस व्यक्ति का नाम बताया और कहा उससे सावधान रहें, वह राजनीति करता है। मैंने कहा उसके विषय में आप बस इतना ही जानते हैं? उन्होंने कहा, हाँ, आपको उससे बहुत सावधान होना होगा। मैंने कहा, अब मैं आपको उस व्यक्ति के विषय में बताती हूँ। इस व्यक्ति की पत्नी इसकी विवाहिता नहीं है, वह किसी अन्य की पत्नी है और वह व्यक्ति उस स्त्री को भगा कर ले आया है। बच्चा इसका है। परन्तु इसने उस महिला का बलात्कार किया था जिसके कारण यह बच्चा उत्पन्न हुआ। जब मैंने ये बातें बतानी शुरू कीं तो उन लोगों की आँखे फटी सी रह गईं। कहने लगे, 'श्री माताजी आप ये सब कैसे जानती हैं?' मैंने कहा आप जाकर पता लगाएं कि मैं जो कुछ कह रही हूँ वह सत्य है या नहीं। वे पूर्णतः स्तब्ध थे। वो वापिस चले गए और फिर मुझे सूचित किया कि श्री माताजी आश्चर्य की बात है आपने जो कुछ भी बताया था वह सब सत्य था! अतः चैतन्य लहरी पर आप सभी कुछ जान सकते हैं। परन्तु जो लोग बिना चैतन्य लहरी के निर्णय लेने का प्रयत्न करते हैं वे गलतियाँ कर सकते हैं, जब तक आप उस

अवस्था तक नहीं पहुँच जाते जहाँ बिना हाथ फैलाए आप सब कुछ जान जाते हैं। परन्तु उस अवस्था तक पहुँचने के लिए सर्वप्रथम आपको अपनी बुद्धि चैतन्य लहरियों के सम्मुख झुकानी होगी। कुछ लोगों की चैतन्य लहरियाँ ठीक नहीं होती, सम्भवतः खराब विशुद्धि के कारण ऐसा हो। उन्हें चाहिए कि अपनी विशुद्धि का ध्यान रखें। उन्हें यदि विशुद्धि का कोई रोग नहीं है तो वे अपने अन्दर महसूस कर सकते है कि कौन से चक्र पकड़ रहे हैं और फलां व्यक्ति की स्थिति क्या है? प्रायः, क्योंकि हम आधुनिक काल में हैं, सुन्दर दिखाई देने वाले लोग उन लोगों की अपेक्षा अधिक भूतबाधित होते हैं जो सुन्दर नहीं दिखाई देते। एक बार एक महिला हमारे कार्यक्रम में आई। वह पूरी तरह से भूत–बाधित थी। छड़ी की तरह से पतली थी। सहजयोग का आरम्भ था। सभी लोगों को लगा कि कितनी सुन्दर महिला सहजयोग में आ गई है! मैने उन्हें कहा कि 'फिलहाल इसे सभागार से बाहर बिठाओ। उनकी समझ में नहीं आया। जब वह ठीक हो गई तो बिल्कुल भिन्न दिखाई देने लगी। मेरे लिए तो वो बहुत ही सुन्दर है। जो सौन्दर्य उस समय देखा गया था, संभवतः वह नकारात्मकता का वेश था जिसे लोगों ने देखा। जैसे आप सिनामे के नायक, नायिकाओं और विदूषकों को देखते हैं जो राष्ट्रपतियों तथा बड़े–बड़े लोगों की भूमिकाएं करते हैं। उनके मुख पर आप स्पष्ट लिखा हुआ देख सकते हैं कि वे कितने भयानक है? जब तक आप उस स्तर के तथा निष्कपट नहीं हैं आप ये बात नहीं समझ सकेंगे।

आज हम अपने अन्दर एकादश रुद्र शक्ति को जागृत करने के लिए पूजा कर रहे हैं। ये शक्ति आपके अन्दर की नकारात्मकता तथा पूरे विश्व की नकारात्मकता से निपटने में सहायता करेगी। अब हमारे बहुत से हाथ हैं, हमारे यहाँ बहुत से लोग हैं जिनके पास भिन्न आयुध, साधन और हथियार हैं। ये सभी हथियार आपके पास हैं, आपके अन्दर हैं और निश्चित रूप से आप इन्हें उपयोग कर सकते हैं। परन्तु सर्वप्रथम आपको ये जानना होगा कि आपके पास कौन से हथियार हैं और किस प्रकार उनका उपयोग करना है। आज भयानक अंध विश्वास है, भयानक गलत धारणाएं हैं। लोगों ने असंख्य संस्था रूपी किले बना लिए हैं, विश्व में सभी प्रकार के मूर्खतापूर्ण कार्य होते हैं। ये सब समाप्त हो जाएंगे। उनके विषय में किसी को कुछ भी ज्ञान न होगा। लोग उन्हें इस पृथ्वी पर आसुरी जीवों के रूप में जानेंगे। अन्ततः जीवन्त शक्ति ही जीवित रहेगी। हमें ये जानना होगा कि हमें जीवन्त शक्ति का ज्ञान है। इसके विषय में हमें अत्यन्त विश्वस्त होना होगा और इस बात पर हमें गर्व करना होगा कि हमें जीवन्त शक्ति का ज्ञान है। तब हमारे अन्दर एकादश रुद्र अत्यन्त सशक्त हो जाता है। आपको कष्ट देने वाले व्यक्ति को कठोर दण्ड मिलेगा। सहजयोग को झुकाने या हानि पहुँचाने वाली किसी भी संस्था को परिणाम भुगतने होंगे। जैसा आप जानते है, मैं (Muf Biffin Sho) मफ बिफिन शो देखने के लिए गई। उसने मुझसे दुर्व्यवहार किया। अगले सप्ताह वह शो बन्द हो गया। भारत में एक समाचार पत्र ने मुझ पर बेहूदे लेख लिखने

शुरू किए थे। कई महीनों के लिए वह समाचार पत्र ही बन्द हो गया। ऐसा होता है। मैं ऐसी कोई बात नहीं कहती, परन्तु जिस तरह से घटनाएं घटती हैं वह आश्चर्य चकित करने वाली होती हैं। ये एकादश रुद्र अब किस प्रकार कार्यशील हैं? सबसे अहम् बात तो ये है कि ये एकादश केवल कलियुग में, आधुनिककाल में ही कार्य करेगा। इससे पूर्व ये गतिशील न था। क्योंकि उस समय कोई एक–आध ही गुरु होता था। आज जो राक्षस गुरु रूप में आए हैं। पूर्व काल में वो शैतान रहे होंगे। कहीं कोई एक आध–राक्षस होता था, उसका वध करना बहुत आसान था। कंस का वध करने में श्रीकृष्ण को कोई लम्बा समय नहीं लगा और रावण का वध करने में श्रीराम को। राक्षसों का वध एक बार जब उन्होंने कर दिया तो सारा वातावरण शुद्ध हो गया। परन्तु ये लोग मच्छरों की तरह से हैं। एक के बाद एक बेशुमार संख्या में उत्पन्न हो जाते हैं। इनका कोई अन्त नहीं। ये लोग मानव शरीरों में प्रवेश कर गए हैं और उन्हें भयानक रोग, समस्याओं तथा कष्ट से भर दिया है। अतः समस्या कहीं अधिक जटिल एवं गम्भीर है।

तो ये एकादश रुद्र हैं जिनकी ग्यारह विध्वंसक शक्तियाँ हैं। हम कहते हैं कि दस दिशाएं हैं और यह ग्यारहवीं है। दस बाहर से और एक अन्दर से। इनका प्रकोप उन सभी लोगों पर पड़ सकता है जो सहजयोग की उन्नति में बाधक बनने का प्रयत्न करते हैं। इसके विरोध में कार्य करते हैं या जो मेरे और आपके विरोध में कार्य करते हैं। कोई भी यदि आपको कष्ट देने का प्रयत्न करेगा तो यह शक्ति कार्य करेगी। शारीरिक स्तर पर यह आपके मस्तक पर विराजमान है। एकादश रुद्र आपके मस्तक पर दिखाई देता है और इसकी खराबी के कारण यहाँ पर (मस्तक पर) सूजन आ जाती है। कुछ लोगों में यहाँ एक घुमाव और गूमड़ (उठाव) सा देखा होगा। कैंसर के रोगियों को यदि आप देखें तो उनके बाएं मस्तक से दाईं ओर को ये उठाव होता है। काफी बड़ा, दाईं तरफ एक गूमड़ सा। कुछ लोगों को ये उठाव बाईं तरफ को होता है। अतः बाईं तरफ से उठकर यह दाईं तरफ को जाता है और दाईं तरफ से उठने वाला बाईं तरफ जाता है। दाईं तरफ को जाने वाले गूमड़ अधिक भयानक होते हैं क्योंकि ये अत्यन्त गुप्त होते हैं, छुपे हुए, जिन्हें देखा नहीं जा सकता। परन्तु व्यक्ति को ये बहुत हानि पहुँचाते हैं।

ये जितनी भी भयानक शक्तियाँ आज कार्यरत हैं इन्हें पूरी तरह से नष्ट किया जा सकता है यदि हम अपने अन्दर एकादश रुद्र शक्ति विकसित कर लें। ये इतनी अधिक शक्तिशाली नहीं है। एक सहजयोगी ऐसी हजारों आसुरी शक्तियों का वध कर सकता है जबकि ये एक सहजयोगी को हानि नहीं पहुंचा सकतीं। वास्तव में आपके सम्मुख ये शक्तिहीन हैं। आपको कष्ट देने का इनके पास कोई मार्ग नहीं है। आप यदि शक्तिशाली हैं तो ये लुप्त हो जाएंगी, सदा सर्वदा के लिए लुप्त हो जाएंगी। स्मरण रखें कि भारत में एक स्थान पर तीन सहजयोगी गाँव की एक विशेष सड़क से जाया करते थे। एक बार एक कार्य–क्रम

में एक महिला भूतबाधित हो गई और हो हो हो हो करने लगी। उससे पूछा कि वह वहाँ क्यों है? उसने उत्तर दिया कि इस महिला में हम आपको ये बताने के लिए आए हैं कि आप उन तीनों सहजयोगियों को बता दें कि वे इस मार्ग से न जाएं। सारे गाँव तो हम वैसे ही छोड़ चुके हैं और अब इस क्षेत्र में रहते हैं। सारी रात अगर सहजयोगी इस मार्ग से आते रहेंगे तो हम इधर–उधर भागते रहेंगे। अतः उन तीनों सहजयोगियों को कह दें कि वे उस मार्ग से न जाएं ताकि हमारे रहने के लिए कुछ स्थान तो बच जाए। ये सभी विकास प्रणाली से बाहर हो चुके हैं। ये मृत लोग हैं और ये मृत लोग अपने सूक्ष्म शरीर में हमारे अन्दर प्रवेश कर सकते हैं और तत्वों की रचना कर सकते हैं। ये तत्व हमें काबू कर सकते हैं और हमें बाधित कर सकते हैं। इस तरह के भूतबाधित लोग बिल्कुल सामान्य प्रतीत होते हैं। जैसा आज मैं बता रही थी सम यौन लैंगिकता, अति लैंगिकता या लैंगिकता का पूर्ण अभाव, कलात्मकता का पूर्ण अभाव या अतिकलात्मक प्रवृत्तियाँ, बहुत अधिक खाना या बिल्कुल न खाना, व्रत करना, बहुत अधिक डरना या बिल्कुल न डरना, हर बात में ये कहना कि इसमें क्या दोष है, परमात्मा का भी भय न खाना या चींटी से भी डरना। कुछ लोग हर समय दोष भाव ग्रस्त रहते हैं और कुछ लोग दूसरों को बेकार बताकर उन्हें दोष भाव में ढकलते हैं। कुछ लोग अत्यन्त क्रूर होते हैं, अन्य लोगों के मामलों में हस्तक्षेप करके वे उन्हें दास बना सकते हैं, कुछ भी कर सकते हैं, अपने भाषणों से भयानक युद्ध करवा सकते हैं और कुछ अन्य ऐसे हो सकते हैं जो स्वयं को इन आसुरी लोगों के सम्मुख झुकाकर इनकी दासता स्वीकार कर लेते है और इन नियंत्रक व्यक्तियों के गौरव में अन्य लोगों को भी नष्ट करने का प्रयत्न करते हैं।

इसके पश्चात् सहजयोग का क्षेत्र आता है। जहाँ ऐसी शक्तियाँ प्रवेश नहीं कर सकतीं। यहाँ पर आप बहुत प्रसन्न हैं। आपके मस्तक पर चहुँ ओर इस क्षेत्र की देखभाल करने के लिए एकादश रुद्र खड़े हैं। वे सब देख रहे हैं, वे प्रहरी हैं। कोई आपको हानि नहीं पहुँचा सकता। अत्यन्त शान से आप अपने सहस्रार में स्थापित हैं। कुछ भी आपको छू नहीं सकता, कोई भी आपको कलंकित नहीं कर सकता। एकादश रुद्र बहुत चुस्त हैं और उनके बहुत से पक्ष हैं। हर देवता के बहुत से पक्ष होते हैं और ये सारे पहलू इस क्षेत्र को हर समय प्रकाशमान करते रहते हैं ताकि कोई भी बाह्य शक्ति इसमें प्रवेश न कर सके। आपके अन्दर भी यही शक्ति विद्यमान है। सहस्रार के इस क्षेत्र में जब भी कोई बाह्य शक्ति प्रवेश करने का प्रयत्न करती है तो तुरन्त ये गतिशील हो उठते हैं और उस व्यक्ति को इतनी हानि पहुँचा सकते हैं कि आप स्वयं हैरान रह जाते हैं। आपको पता भी नहीं चलता कि यह सब कैसे हो गया। परन्तु इस शक्ति को विकसित करने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं सूझ–बूझ पूर्वक ध्यान धारणा करनी आवश्यक है। केवल इतना भर नहीं कि मेरे फोटो के सामने बैठकर आप कहें, "श्री माताजी मैं स्वयं को आपके सम्मुख समर्पित करता हूँ आदि आदि।" निष्कपटता पूर्वक, क्योंकि देवता जानते हैं

कि सत्यनिष्ठ कौन हैं, गहनता में कौन है और कौन वास्तव में उन्नत होना और उत्क्रान्ति को प्राप्त करना चाह रहा है। एक प्रकार से यह संघर्ष है। ये संघर्ष है परन्तु ऐसा संघर्ष नहीं जिसका कोई फल न मिले। संसार का कोई अन्य संघर्ष आपको कोई भी फल नहीं देता फिर ये संघर्ष तो इतना साधारण है, इसका इतना वर्णन किया जा चुका है, इसे इतना कार्यान्वित किया जा चुका है कि आपको अधिक चिन्ता करने के लिए कुछ शेष नहीं है।

तो आज हमें इस कलियुग में नकारात्मकता को पूर्णतः नष्ट करने के लिए इन एकादश रुद्र शक्तियों का आह्वान करना है और ये प्रार्थना भी करनी है कि यदि हमारे अन्दर कोई नकारात्मकता है तो यह नष्ट हो जाए। सहजयोग विरोधी कोई नकारात्मकता यदि है तो वह नष्ट हो जाए। हमारे चरित्र में, हमारी सूझ-बूझ में कोई नकारात्मकता है तो वह नष्ट हो जानी चाहिए। एकादश रुद्र के विषय में आज का यही सन्देश है।

**परमात्मा आपको धन्य करे।**